# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## जुलाई भाग-1 2022



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

Q.1 राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस (NSD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत भारतीय सांख्यिकी संस्थान (ISI) के संस्थापक को याद करने हेतु NSD का अवलोकन करता है।
2. NSD 2022 का विषय सतत् विकास के लिये डेटा था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.2 निम्नलिखित में से कौन से देश ताजिकिस्तान के पड़ोसी देश हैं?

1. अफगानिस्तान
2. उज़्बेकिस्तान
3. कज़ाखस्तान
4. किर्गिज़स्तान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

प्रश्न.3 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यूएनएससी के स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँस, चीन और यूनाइटेड किंगडम हैं।
2. परिषद की अध्यक्षता प्रतिमाह 15 सदस्यों के बीच रोटेट होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

Q.4 आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे हेतु गठबंधन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।
2. यह जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रतिरोधी मुद्दों से संबंधित भारत सरकार की पहली बड़ी वैश्विक पहल है।
3. एशियाई विकास बैंक (ADB), विश्व बैंक समूह और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) इसके सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

प्र.5 'स्वयं सहायता समूहों (SHGs) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. SHG उन लोगों का औपचारिक संघ है जो अपने रहने की स्थिति में सुधार के तरीके खोजने के लिये एक साथ आते हैं।
2. भारत में SHG की उत्पत्ति का पता 1970 में स्व-नियोजित महिला संघ (SEWA) के गठन से लगाया जा सकता है।
3. SHG को बैंकों में बचत खाता रखने की अनुमति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

6. ग्लोलिटर पार्टनरशिप प्रोजेक्ट के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

1. इसे संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) द्वारा लॉन्च किया गया था।
2. इसका उद्देश्य ऊसर और बंजर भूमि की बहाली करना है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

7. PSLV कक्षीय प्रायोगिक मॉड्यूल (POEM) के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये:

1. यह इसरो का एक प्रयोगात्मक मिशन है जो इन-ऑर्बिट वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन करता है।
2. इसमें दृष्टिकोण स्थिरीकरण हेतु एक समर्पित नेविगेशन मार्गदर्शन और नियंत्रण (NGC) प्रणाली है।
3. यह केवल लिथियम आयन बैटरी से ही ऊर्जा प्राप्त करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2
D. केवल 1 और 3

8. कुष्ठ रोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक पुराना विषाणु संक्रमण है जो तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है।
2. कुष्ठ रोग को हैनसेन रोग के नाम से भी जाना जाता है।
3. क्लोफ़ाज़िमिन, रिफैम्पिसिन के साथ, कुष्ठ रोग के इलाज के लिये आवश्यक दवाएँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

9. हाल ही में वैज्ञानिकों ने गिलहरी के समान एक छोटे स्तनपायी के नए और विशिष्ट जीवाश्मों की खोज की है जिन्हें ट्रीश्रू कहा जाता है। यह खोज भारत के किस क्षेत्र में की गई है?

A. जम्मू और कश्मीर
B. सिक्किम
C. मेघालय
D. उत्तराखंड

नोट :

10. वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB) के साथ समयोजित किया जाएगा।
2. इसके अधिकार क्षेत्र BBB के समान ही होंगे ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

11. सक्रिय विमान वाहकों तथा उनसे संबंधित देशों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|---|
| 1. | आईएनएस विक्रमादित्य | भारत |
| 2. | फुजियान | जापान |
| 3. | यूएसएस निमित्ज़ | अमेरिका |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

12 भारत के उपराष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह भारत में दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय है।
2. वह अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद कार्यालय को जारी नहीं रख सकता/सकती है।
3. भारत के उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिये केवल राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य ही निर्वाचक मंडल बनाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

13. विश्व खाद्य कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2020 में इसे नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया था।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1961 में हुई थी तथा इसका मुख्यालय रोम में है।
3. यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

14 राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राज्य सरकारें अनुसूचित अपराधों से संबंधित मामलों को सीधे राष्ट्रीय जाँच एजेंसी को भेज सकती हैं।
2. राष्ट्रीय जाँच एजेंसी का अधिकार क्षेत्र केवल भारत की सीमा तक ही प्रभावी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15 विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वित्त मंत्रालय विदेशी अंशदान के नियमन का नोडल मंत्रालय है।
2. विदेशी अंशदान प्राप्त करने के लिये दिल्ली में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की शाखा में एक बैंक खाता खोलना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16 "भारतीय नौसेना एयर स्क्वाड्रन 324" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे KESTRELS नाम दिया गया है।
2. यह आयातित उन्नत हल्के हेलीकाप्टरों का उपयोग करने वाला पश्चिमी समुद्र-तट का पहला नौसेना स्क्वाड्रन है।
3. यह ALH MK III हेलीकॉप्टरों से सुसज्जित है जिसमें अत्याधुनिक उपकरण लगे हुए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

17. मेकांग नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्गम हिमालय क्षेत्र में है।
2. नदी दक्षिण-पूर्व एशिया के सभी मुख्य भूमि वाले देशों से होकर गुज़रती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत अधिनियमित किया गया था।
2. अधिनियम के अनुसार केंद्र सरकार के पास किसी भी उद्योग, संचालन या प्रक्रिया को बंद करने, निषेध या नियमन करने का निर्देश देने की शक्ति है।
3. अधिनियम के किसी भी प्रावधान का गैर-अनुपालन या उल्लंघन एक अपराध माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. उपरोक्त सभी

नोट :

19. अल्लूरी सीताराम राजू के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने वर्ष 1922 के रम्पा विद्रोह/मन्यम विद्रोह में एक नेता के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई।
2. उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत केवल बल के प्रयोग से ही आज़ाद हो सकता है, अहिंसा से नहीं।
3. स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उनके वीरतापूर्ण कारनामों के लिये उन्हें मान्यम वीरुडु उपनाम दिया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

20. स्टैंडअप इंडिया योजना के संदर्भ में कौन से कथन सही हैं?

1. यह आर्थिक सशक्तीकरण और रोज़गार सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए ज़मीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिये है।
2. इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला उद्यमी ऋण सुविधा के लिये पात्र हैं।
3. इस योजना के तहत ऋण ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड दोनों परियोजनाओं के लिये उपलब्ध हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. केवल 1 और 3

21. निम्नलिखित में से कौन सा 'चेकुरिंजी' का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

A. यह पेरियार वन्यजीव अभयारण्य की मछली प्रजाति है।
B. यह अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व के लिये स्थानिक पौधों की प्रजाति है।
C. यह हाल ही में खोजी गई प्राचीन मानव प्रजाति है।
D. यह पूर्वी अफ्रीका के स्थानिक कीट की एक प्रजाति है।

22. अफ्रीकी संघ (AU) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2002 में अफ्रीकी एकता संगठन की जगह अफ्रीकी संघ ने ले ली।
2. अफ्रीका के सभी देश AU के सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23. "वरोआ माइट" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक परजीवी कीट है जो मधुमक्खियों को संक्रमित करता है और खाता है।
2. वरोआ माइट केवल वयस्क मधुमक्खियों का ही भोजन कर सकते हैं और जीवित रह सकते हैं।
3. इसे वरोआ डिस्ट्रक्टर के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

24. नैरोबी मक्खियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये पश्चिम अफ्रीका की स्थानिक कीट की प्रजातियाँ हैं।
2. ये कीट परेशान होने पर पेडरिन नामक पदार्थ को छोड़ते हैं परंतु काटते नहीं हैं।
3. वे उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों में पनपते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

25. पश्चिमी घाट के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. डोड्डाबेट्टा चोटी पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी है।
2. पश्चिमी घाट के पर्वत ब्लॉक पर्वत हैं।
3. इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है।

नीचे दिये गए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1, 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 3

26.. ग्लोबल फाइंडेक्स रिपोर्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विश्व बैंक द्वारा जारी किया जाता है।
2. यह लोगों की वित्तीय सेवाओं की उपयोगिता को मापने के लिये प्रयोग किया जाता है।
3. अधिकांश नए खाते भारत और चीन में खोले गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3
D. उपरोक्त में से कोई नहीं

27. चावल के प्रत्यक्ष बीजारोपण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे बीज बिखेरना तकनीक के रूप में भी जाना जाता है।
2. यह धान की पौध को नर्सरी से जल भराव वाले खेतों में रोपने की एक विधि है।
3. यह पानी और श्रम उत्पादकता के मामले में सबसे बीज बोने का सबसे कम कुशल तरीका है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

28. विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPI) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

1. यह किसी देश के चालू खाते का हिस्सा है और इसे भुगतान संतुलन (BOP) पर दर्शाया जाता है।
2. FPI को अक्सर हार्ड मनी के रूप में जाना जाता है।
3. FPI वे हैं जो अपने देश के बाहर के बाज़ारों में निवेश करते हैं।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1 और 2

B. 2 और 3

C. केवल 1

D. केवल 3

29.. "यूरोपीय परमाणु अनुसंधान संगठन (CERN)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CERN, लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC) का संचालन करता है और यह फ्राँस-स्विस सीमा पर स्थित है।
2. LHC ने गॉड पार्टिकल कहे जाने वाले हिग्स बोसॉन की खोज की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

30. संसदीय समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संसदीय समितियों में केवल लोकसभा के सदस्यों को शामिल किया जाता है।
2. प्राक्कलन समिति को वित्तीय समिति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

31 राष्ट्रीय स्तर पर "केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण" का निम्नलिखित में से कौन-सा प्रशासक मंत्रालय है?

A. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय।

B. उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय।

C. ऊर्जा और बुनियादी ढाँचा मंत्रालय।

D. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।

32. निम्नलिखित उत्पादों पर विचार कीजिये:

1. इलेक्ट्रिक वाहन
2. सौर पैनल
3. ड्रोन
4. रेडियो सेट

उपर्युक्त में से किस/किन उत्पाद/उत्पादों में "दुर्लभ खनिज" का उपयोग हुआ है?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

33. "भील" जनजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्हें आमतौर पर राजस्थान के धनुषधारी के रूप में जाना जाता है।
2. वे आर्य-पूर्व जाति के सदस्य हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

34 "फील्ड्स मेडल" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इंटरनेशनल मैथमेटिकल यूनियन द्वारा प्रदान किया जाता है।
2. यह गणित के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिये दिया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. "डेरेचो" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डेरेचो एक ठंडे मौसम की घटना है।
2. यह एक सीधी रेखा में चलने वाला तूफान है जिसके परिणामस्वरूप आसमान का रंग हरा हो जाता है क्योंकि प्रकाश तूफान के जल की भारी मात्रा के साथ अंत:क्रिया करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (IT), 2000 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गृह मंत्रालय (MHA) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से आपत्तिजनक सामग्री को हटाने का आदेश जारी करने वाला एकमात्र प्राधिकरण है।
2. आईटी एक्ट की धारा 66ए का इस्तेमाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से आपत्तिजनक सामग्री को हटाने के लिए किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. मेटावर्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मेटावर्स शब्द नील स्टीफेंसन द्वारा गढ़ा गया था।
2. यह एक 3D आभासी दुनिया की तरह है, जिसमें वास्तविक समय की घटनाओं और एक ऑनलाइन बुनियादी ढाँचे के साथ इसके उपयोगकर्त्ता द्वारा सामूहिक रूप से साझा किया जाता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

38. गीगामेश (GigaMesh) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे एस्ट्रोम (Astrome) द्वारा विकसित किया गया है।
2. यह ग्रामीण 4जी बुनियादी ढाँचे में भीड़भाड़ के मुद्दों को संबोधित करेगा और उच्च तकनीक एवं सस्ती इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।
3. यह विश्व का पहला मल्टी-बीम ई-बैंड रेडियो है जो एक टॉवर से कई टॉवरों तक एक साथ संचार करने में सक्षम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

39. मिशन वात्सल्य के बारे में हाल ही में जारी दिशा-निर्देशों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र सरकार द्वारा दी गई धनराशि तक पहुँच प्राप्त करने के लिये राज्य इस योजना का मूल नाम बदल सकते हैं।
2. इसे राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन के साथ साझेदारी में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा।
3. यह राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियों (SARA) का समर्थन करेगा, जो आगे केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) का समर्थन करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

40..किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. किसानों को उनकी खेती और अन्य आवश्यकताओं हेतु बैंकिंग प्रणाली से पर्याप्त और समय पर ऋण सहायता प्रदान करने के लिये यह योजना 1998 में शुरू की गई थी।
2. इसे केवल वाणिज्यिक बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41 हाल ही में अमेरिका में शोधकर्त्ताओं ने "ऑनकोलिटिक विरोथेरेपी" विकसित की है। यह निम्नलिखित में से किसके उपचार से संबंधित है?

A. एचआईवी-एड्स
B. चेचक
C. कैंसर
D. इनमे से कोई भी नहीं

42. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह केवल 75% ग्रामीण आबादी के लिये सब्सिडी वाले खाद्यान्न का प्रावधान करता है।
2. गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को गर्भावस्था के दौरान तथा बच्चे के जन्म के 6 माह बाद तक भोजन के अलावा कम-से-कम 6000 रुपए का मातृत्व लाभ प्रदान करने का प्रावधान है।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

43. विमानन क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA) नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में सुरक्षा मुद्दों को विनियमित करने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. हवाई अड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण (AERA) वैमानिकी सेवाओं के लिये शुल्क और हवाई अड्डों पर सेवाओं हेतु अन्य हवाईअड्डा शुल्क को नियंत्रित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44 प्राकृतिक खेती के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिज़ोरम दुनिया का पहला पूर्ण जैविक राज्य है।
2. प्राकृतिक खेती सतत् विकास लक्ष्य-1 के साथ समन्वित है।
3. सहभागी गारंटी प्रणाली (PGS) प्रमाणन का उद्देश्य प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

45. जातक कथाओं की मूर्तियाँ निम्नलिखित में से किस स्थान पर देखी जा सकती हैं?

A. तिरुपति बालाजी

B. खजुराहो मंदिर

C. अक्षरधाम मंदिर

D. साँची का स्तूप

46. G-20 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 20 सदस्यों का अनौपचारिक समूह है।
2. भारत, चीन और कनाडा इसके सदस्यों में शामिल हैं।
3. वर्ष 2023 के लिये G-20 की बैठक जम्मू-कश्मीर में आयोजित की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

नोट :

47. रेड पांडा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सिक्किम का राज्य पशु है।
2. इसे IUCN रेड लिस्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. यह CITES के परिशिष्ट 1 के तहत संरक्षित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

48. विश्व जनसंख्या संभावना 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने प्रकाशित किया है।
2. रिपोर्ट के अनुसार 2023 तक भारत जनसंख्या के मामले में चीन से आगे निकल जाएगा।
3. भारत ने प्रतिस्थापन प्रजनन दर प्राप्त कर ली है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

49. टारगेट ओलंपिक पोडियम गेम के तहत निम्न में से कौन सा उच्च प्राथमिकता श्रेणी का खेल नहीं है?

A. बैडमिंटन
B. हॉकी
C. टेनिस
D. तैराकी

50. वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जम्मू और कश्मीर सहित पूरे भारत में लागू है।
2. केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) इस अधिनियम के तहत गठित निकाय हैं।
3. राज्य सरकारें प्रत्येक ज़िले में वन्यजीव वार्डन नियुक्त करने की भी हकदार हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

51 डार्क मैटर और डार्क एनर्जी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. डार्क मैटर नकारात्मक, प्रतिकारक बल है और गुरुत्वाकर्षण की विपरीत दिशा में कार्य करता है।
2. डार्क एनर्जी आकर्षक बल है जो हमारी दुनिया को एक साथ रखता है क्योंकि यह गुरुत्वाकर्षण के साथ अंत:क्रिया करता है फिर भी प्रकाश को प्रतिबिंबित, अवशोषित या उत्सर्जित नहीं करता है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

52. यूथ इन इंडिया 2022 रिपोर्ट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा जारी किया गया है।
2. केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2036 तक युवाओं की तुलना में कम बुजुर्ग आबादी देखे जाने का अनुमान है।
3. इससे पता चलता है कि युवाओं की जनसंख्या में गिरावट आ रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

53 नीचे दिये गए जल निकायों में से कौन भारत और श्रीलंका के समुद्री जल को अलग करता है?

A. पाक जलडमरूमध्य
B. मलक्का जलडमरूमध्य
C. पाक खाड़ी
D. केर्च जलडमरूमध्य

54 "राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत स्वायत्त अनुसंधान और विकास संस्थान है।
2. यह आर्कटिक सर्कल में दो भारतीय स्टेशनों (मैत्री और भारती) के साल भर रखरखाव के लिये ज़िम्मेदार है।
3. इसे भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम के समन्वय और कार्यान्वयन के लिये नोडल संगठन के रूप में नामित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

55 औद्योगिक संबंध संहिता 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. न्यूनतम 50 कर्मचारियों वाला प्रत्येक औद्योगिक प्रतिष्ठान इसके प्रावधानों के अधीन होगा।
2. इसमें कहा गया है कि सार्वजनिक उपयोगिता सेवा में हड़ताल के लिये छह सप्ताह की अग्रिम सूचना की आवश्यकता होती है।
3. इसमें छँटनी किये गए श्रमिकों के प्रशिक्षण के लिये पुन: कौशल कोष स्थापित करने का भी प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

56. वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक, 2022 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी किया गया था।
2. यह आर्थिक, राजनीतिक और स्वास्थ्य कारकों के आधार पर लैंगिक अंतर को मापता है।
3. GGG इंडेक्स, 2022 में भारत की रैंकिंग 146 देशों में से 135 है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1,2 और 3

नोट :

57. हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचे (IPEF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. यह जापान के नेतृत्व वाली पहल है जिसका उद्देश्य भागीदार देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है।
   2. भारत भी इस पहल के प्रतिभागियों में से एक है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

58.. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. RBI की स्थापना 1935 में भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत हुई थी।
   2. रेपो रेट तय करने का एकमात्र अधिकार RBI गवर्नर के पास है।
   3. सभी सिक्के और नोट RBI द्वारा जारी किये जाते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

59. . सर्वाइकल कैंसर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक सामान्य यौन संचारित संक्रमण है।
   2. यह दूसरा सबसे प्रचलित कैंसर रूप है और प्रजनन आयु की महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है।
   3. यह ज़्यादातर ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) के विशेष रूपों के साथ दीर्घकालिक संक्रमण के कारण होता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 आर 3
   D. 1, 2 और 3

60. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   1. मध्यस्थता एक स्वैच्छिक और गैर-बाध्यकारी प्रक्रिया है जिसमें एक निष्पक्ष और तटस्थ मध्यस्थ विवाद करने वाले पक्षों को समझौता करने में सहायता करता है।
   2. मध्यस्थता विधेयक, 2021 का उद्देश्य हत्या के मामलों को छोड़कर अदालत या न्यायाधिकरण के हस्तक्षेप से पूर्व मध्यस्थता के माध्यम से किसी भी नागरिक या आपराधिक मामले को निपटाना है।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

61. डिजिटल कॉमर्स के लिये ओपन नेटवर्क के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक स्वतंत्र रूप से सुलभ सरकार समर्थित प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य ई-कॉमर्स का सार्वभौमिक करना है।
   2. प्रदाता और उपभोक्ता ओएनडीसी पर सूचनाओं के आदान-प्रदान और लेन-देन करने के लिये अपनी पसंद के किसी भी संगत एप्लीकेशन का उपयोग करने में सक्षम होंगे।
   3. यह उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की एक पहल है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

62. निम्नलिखित में से कौन-से देश I2U2 का गठन करते हैं?

1. ईरान
2. भारत
3. इज़रायल
4. युनाइटेड किंगडम
5. संयुक्त राज्य अमेरिका
6. संयुक्त अरब अमीरात
7. इराक

नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2, 4 और 5
B. केवल 1, 3, 4 और 5
C. केवल 2, 3, 5 और 6
D. केवल 2, 4, 5 और 7

63 मिशन शक्ति के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह एक एकीकृत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम है।
2. इसे 15वें वित्त आयोग के दौरान लॉन्च किया गया था।
3. वन स्टॉप सेंटर (OSC), महिला हेल्पलाइन (WHL), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) इस कार्यक्रम का हिस्से हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

64. केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (CPA), 2019 के तहत एक संवैधानिक निकाय है।
2. CPA, 2019 के अनुसार, राष्ट्रीय आयोग के पास दो करोड़ से अधिक मूल्य की वस्तुओं और सेवाओं पर आर्थिक अधिकार क्षेत्र है।
3. ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म CCPA के अधिकार क्षेत्र में हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

65. स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स की ज़िम्मेदारी राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के साथ जुड़ी हुई है।
2. यह परिषद कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अधीन कार्य करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

## व्याख्या भाग-2

1. उत्तर: D

व्याख्या:

### राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस (NSD)

- सांख्यिकी और आर्थिक योजना के क्षेत्र में दिवंगत प्रोफेसर और वैज्ञानिक प्रशांत चंद्र महालनोबिस के कार्यों और योगदानों के सम्मान में भारत प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाता है। प्रशांत चंद्र महालनोबिस एक विश्व प्रसिद्ध भारतीय सांख्यिकीविद् थे जिन्होंने 1932 में भारतीय सांख्यिकीय संस्थान (आईएसआई) की स्थापना की थी। अत: कथन 1 सही है।
- सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) देश में सांख्यिकीय प्रणाली के नियोजित और संगठित विकास तथा सरकारों एवं अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों में विभिन्न हितधारकों के बीच सांख्यिकीय गतिविधियों के समन्वय के लिये नोडल एजेंसी है।
- वर्ष 2022 के लिये NSD की थीम है: 'सतत् विकास के लिये आँकड़े'। अत: कथन 2 सही है।
- NSD दैनिक जीवन में सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाने और जनता को इस बात के प्रति संवेदनशील बनाने और सांख्यिकी नीतियों को आकार देने तथा तैयार करने में मदद करता है।
- इसके उद्देश्य में सामाजिक-आर्थिक नियोजन में सांख्यिकी की भूमिका के बारे में विशेष रूप से युवा पीढ़ी के बीच जन जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

2. उत्तर: B

व्याख्या: केवल उज़्बेकिस्तानऔर किर्गिज़स्तान, ताजिकिस्तान के साथ सीमाएँ साझा करते हैं। अत: विकल्प B सही है।




3 उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में पाँच नए अस्थायी सदस्यों (अल्बानिया, ब्राज़ील, गैबन, घाना और संयुक्त अरब अमीरात) का चयन किया गया है।
- UNSC के पाँच स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँस, चीन और यूनाइटेड किंगडम हैं। अत: कथन 1 सही है।
- परिषद की अध्यक्षता प्रतिमाह 15 सदस्यों के बीच रोटेट होती है। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

4. उत्तर: C

व्याख्या:

- CDRI राष्ट्रीय सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और कार्यक्रमों, बहुपक्षीय विकास बैंकों एवं वित्तपोषण तंत्र, निजी क्षेत्र तथा शैक्षणिक व अनुसंधान संस्थानों की एक वैश्विक साझेदारी है।
- इसका उद्देश्य जलवायु और आपदा जोखिमों हेतु अवसंरचना प्रणालियों के लचीलेपन को बढ़ाना है, जिससे सतत् विकास सुनिश्चित हो सके।
- इसे 2019 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- यह अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के बाद भारत सरकार की दूसरी प्रमुख वैश्विक पहल है, यह जलवायु परिवर्तन एवं आपदा प्रतिरोधी मुद्दों पर भारत के नेतृत्व को प्रदर्शित करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सदस्य:
  - इसकी स्थापना के बाद से 31 देश, 6 अंतर्राष्ट्रीय संगठन और 2 निजी क्षेत्र के संगठन सदस्य के रूप में CDRI में शामिल हुए हैं।
    - 6 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में एशियाई विकास बैंक (ADB), विश्व बैंक समूह, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP), संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय (UNDRR), यूरोपीय संघ, यूरोपीय निवेश बैंक शामिल हैं। अत: कथन 3 सही है।
    - 2 निजी क्षेत्र के संगठनों में आपदा प्रतिरोध के लिये निजी क्षेत्र का गठबंधन और जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीले निवेश के लिये गठबंधन शामिल हैं।

5. उत्तर: B

व्याख्या:

- सरकार स्वयं सहायता समूहों (Self-Help Groups- SHGs) में प्रत्येक महिला की वार्षिक आय को वर्ष 2024 तक 1 लाख रुपए तक बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रही है।
- स्वयं सहायता समूह (SHG) कुछ ऐसे लोगों का एक अनौपचारिक संघ होता है जो अपने रहन-सहन की परिस्थितियों में सुधार करने के लिये स्वेच्छा से एक साथ आते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत में SHG की उत्पत्ति का पता 1970 में स्व-नियोजित महिला संघ (SEWA) के गठन से लगाया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- नाबार्ड ने RBI के साथ मिलकर SHGs को वर्ष 1993 से बैंकों में बचत खाता रखने की अनुमति दी। इस कार्रवाई ने SHGs आंदोलन को काफी बढ़ावा दिया और एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम (SHG-Bank linkage program) का मार्ग प्रशस्त किया। अत: कथन 3 सही है।

6. उत्तर: D

व्याख्या:

- ग्लोलिटर पार्टनरशिप प्रोजेक्ट इसे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन (IMO) तथा संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा लॉन्च किया गया है, इसका प्रारंभिक वित्तपोषण नॉर्वे सरकार द्वारा किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य शिपिंग व मत्स्य पालन उद्योग से उत्पन्न होने वाले समुद्री प्लास्टिक कचरे को कम करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

7. उत्तर: B

व्याख्या:

- POEM (PSLV कक्षीय प्रायोगिक मॉड्यूल) ISRO का एक प्रायोगिक मिशन है जिसका कक्षीय/ऑर्बिट प्रयोग ध्रुवीय सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (PSLV) के चौथे चरण के दौरान प्लेटफॉर्म के रूप में किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - PSLV एक चार चरणों वाला रॉकेट है जहाँ पहले तीन चरण प्रयोग होने के बाद समुद्र में गिर जाते हैं और अंतिम चरण (PS4) उपग्रह को कक्षा में प्रक्षेपित करने के बाद अंतरिक्ष में कचरे/कबाड़ के रूप में चला जाता है।
  - हालाँकि PSLV-C53 मिशन में उपयोग किये गए अंतिम चरण को "स्थिर मंच"(Stabilised Platform) के रूप में उपयोग किया जाएगा।
  - यह पहली बार है कि चौथा चरण (पीएस-4) एक स्थिर प्लेटफॉर्म के रूप में पृथ्वी की परिक्रमा करेगा।

- POEM में स्थायित्व के लिये एक नेविगेशन मार्गदर्शन और नियंत्रण (NGC) प्रणाली है, जो अनुमत सीमाओं के भीतर किसी भी एयरोस्पेस वाहन के उड़ान को नियंत्रित करता है। NGC निर्दिष्ट सटीकता के साथ इसे स्थिर करने के लिये प्लेटफार्म के मस्तिष्क के रूप में कार्य करेगा। अत: कथन 2 सही है।
- POEM में छह पेलोड हैं जिनमें से दो भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप- दिगंतारा और ध्रुव स्पेस शामिल हैं, जो IN-SPACe और NSIL के माध्यम से सक्षम हैं।
- POEM PS4 टैंक के चारों ओर लगे सोलर पैनल और लीथियम आयन बैटरी से शक्ति प्राप्त करेगा। यह चार सौर सेंसर, एक मैग्नेटोमीटर, जायरोस एवं NAVIC का उपयोग करके नेविगेट करेगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- इसमें हीलियम गैस का उपयोग करने वाला समर्पित नियंत्रण प्रणोदक भी हैं। यह दूरसंचार सुविधा युक्त है।

8. उत्तर: C

व्याख्या:

- कुष्ठ रोग एक पुराना, प्रगतिशील जीवाणु संक्रमण है। यह 'माइकोबैक्टीरियम लेप्रे' नामक जीवाणु के कारण होता है, जो एक 'एसिड-फास्ट रॉड' के आकार का बेसिलस है।
  - यह मुख्य रूप से हाथ-पाँव, त्वचा, नाक की परत और ऊपरी श्वसन पथ की नसों को प्रभावित करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसे हैनसेन डिजीज़ के नाम से भी जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है
  - यह त्वचा के अल्सर, तंत्रिका क्षति और मांसपेशियों को कमज़ोर करता है। यदि समय पर इसका इलाज नहीं किया जाए तो यह गंभीर विकृति और विकलांगता का कारण बन सकता है।
  - यह इतिहास में दर्ज सबसे पुरानी बीमारियों में से एक है।
  - यह कई देशों विशेष रूप से भारत सहित उष्णकटिबंधीय या उपोष्णकटिबंधीय जलवायु वाले देशों में आम है।
- क्लोफ़ाज़िमाइन, रिफैम्पिसिन और डैप्सोन के साथ मल्टीबैसिलरी लेप्रोसी (MB-MDT) मामलों के मल्टी-ड्रग ट्रीटमेंट में तीन आवश्यक दवाओं में से एक है। अत: कथन 3 सही है।
  - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार, कुष्ठ रोग कई भारतीय राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थानिक है, भारत में प्रति 10,000 जनसंख्या पर 4.56 प्रतिशत वार्षिक मामले सामने आने की दर है।
  - भारत प्रत्येक वर्ष कुष्ठ रोग के 1,25,000 से अधिक नए रोगियों की रिपोर्ट करता है।

9. उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में वैज्ञानिकों ने जम्मू और कश्मीर के एक नए जीनस और प्रजाति से संबंधित एक छोटे स्तनपायी के जीवाश्मों को देखा है जो कि ट्रीश्रू (शिवतुपिया रामनगरेंसिस के रूप में जाना जाता है) नामक गिलहरी जैसा दिखता है।
- यह ट्रीश्रू वर्तमान काल में शिवालिक पर्वतश्रेणी में जीवाश्म ट्यूपाइड्स के उन सबसे पुराने अभिलेखों का प्रतिनिधित्व करता है, जो इस क्षेत्र में अपनी समय-सीमा को 25-40 लाख वर्ष तक पहुँचा देता है।
  - Tupaiids पूर्वी भारतीय और एशियाटिक परिवार की कई प्रजातियों को संदर्भित करता है, Tupaiids परिवार कुछ हद तक आकार और वृक्ष-संबंधी आदतों में गिलहरी जैसे होते है। इनकी नाक लंबी व नुकीली होती है।
- ट्रीश्रू के जीवाश्म रिकॉर्ड के बहुत ही दुर्लभ तत्त्व हैं और पूरे नूतनजीवी (सेनोज़ोइक) युग में केवल कुछ प्रजातियों को ही जाना जाता है। अत: विकल्प A सही है।

10. उत्तर: D

व्याख्या:

वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB):

- कैबिनेट नियुक्ति समिति (ACC) ने बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB) के स्थान पर वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (FSIB) की स्थापना के लिये एक सरकारी प्रस्ताव पारित किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- नए ढाँचे का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा किया गया था।
- वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों के प्रमुखों का चयन करेगा।

- FSIB के पास दिशा-निर्देश जारी करने और राज्य द्वारा संचालित गैर-जीवन बीमा कंपनियों, सामान्य बीमाकर्त्ताओं और वित्तीय संस्थानों के महाप्रबंधकों तथा निदेशकों का चयन करने का स्पष्ट अधिदेश होगा।
  - FSIB सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और वित्तीय संस्थानों में पूर्णकालिक निदेशक और गैर-कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति के लिये सिफारिशें करने वाली एकल इकाई होगी।
    - FSIB का क्षेत्राधिकार BBB से व्यापक होगा। अत: कथन 2 सही नहीं है। अत: विकल्प D सही है।

11.उत्तर: B

व्याख्या:

- आईएनएस विक्रमादित्य भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत और युद्धपोत है, यह एक संशोधित कीव-श्रेणी का विमानवाहक पोत है जिसे नवंबर 2013 में सेवा में अधिकृत किया गया था। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- हाल ही में चीन ने अपने पहले नई पीढ़ी के स्वदेशी विमान-वाहक पोत (Indigenous Aircraft Carrier), टाइप 003, फुजियान (Type 003, Fujian) का अनावरण किया। अत: युग्म 2 सुमेलित नही है।
- यूएसएस निमित्ज़ अमेरिकी नौसेना के निमित्ज़-श्रेणी के परमाणु-संचालित विमान वाहक का प्रमुख जहाज़ है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है। अत: विकल्प B सही है।

12.उत्तर: A

व्याख्या:

- उपराष्ट्रपति भारत का दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय है। अत: कथन 1 सही है।
- उसका कार्यकाल 5 वर्ष का होता है, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अपने उत्तराधिकारी के पद ग्रहण करने तक पद पर बना रहता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- उपराष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति को अपना त्यागपत्र दे सकता है जो इस्तीफा स्वीकृत होने के दिन से प्रभावी हो जाता है।
- उपराष्ट्रपति को राज्य परिषद (राज्यसभा) के एक प्रस्ताव द्वारा पद से हटाया जा सकता है, जो उस समय उपस्थित सदस्यों के बहुमत से पारित होता है, साथ ही लोकसभा द्वारा सहमति आवश्यक होती है। इस प्रयोजन के लिये कम-से-कम 14 दिनों का नोटिस दिये जाने के बाद ही इस आशय का कोई प्रस्ताव पेश किया जा सकता है।
- उपराष्ट्रपति राज्यों की परिषद (राज्यसभा) का पदेन अध्यक्ष होता है और उसके पास कोई अन्य लाभ का पद नहीं होता है।
- योग्यता:
  - भारत का नागरिक होना चाहिये।
  - 35 वर्ष की आयु पूरी होनी चाहिये।
  - राज्यसभा के सदस्य के रूप में चुनाव के लिये योग्य होना चाहिये।
  - केंद्र सरकार या किसी राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण या किसी अन्य सार्वजनिक प्राधिकरण के अधी लाभ का कोई पद धारण नहीं करना चाहिये।
- निर्वाचन मंडल:
  - भारत के संविधान के अनुच्छेद 66 के अनुसार, उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचन मंडल के सदस्यों द्वारा किया जाता है।
  - निर्वाचन मंडल में शामिल है:
    - राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य।
    - राज्यसभा के मनोनीत सदस्य।
    - लोकसभा के निर्वाचित सदस्य। अत: कथन 3 सही नहीं है।

13. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में नीति आयोग और विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) द्वारा सभी राज्य / केंद्रशासित प्रदेशों में टेक होम राशन-गुड प्रैक्टिस शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की गई थी।
    - WFP दुनिया का सबसे बड़ा मानवीय संगठन है।
- वर्ष 2020 में इसे नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1961 में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा की गई थी, इसका मुख्यालय रोम, इटली में है। अत: कथन 2 सही है।
- यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य भी है, जो संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और संगठनों का एक गठबंधन है जिसका उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को पूरा करना है। अत: कथन 3 सही है।

14. उत्तर:D

व्याख्या:

- अधिनियम की धारा 6 के तहत राज्य सरकारें किसी भी पुलिस स्टेशन में दर्ज सूचीबद्ध अपराधों से संबंधित मामलों को NIA जाँच के लिये केंद्र सरकार (केंद्रीय गृह मंत्रालय) को भेज सकती हैं।
    - उपलब्ध कराए गए विवरण का आकलन करने के बाद केंद्र एजेंसी को मामले को संभालने का निर्देश दे सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- NIA का अधिकार क्षेत्र पूरे भारत में फैला हुआ है और यह देश के बाहर के भारतीय नागरिकों पर भी लागू होता है।
    - सरकार की सेवा में लोग जहाँ कहीं भी तैनात हैं।
    - भारत में पंजीकृत ज़हाजों और विमानों पर यात्रा कर रहे व्यक्ति, चाहे वे कहीं भी हों।
    - वे व्यक्ति जो भारत के बाहर भारतीय नागरिक के विरुद्ध या भारत के हित को प्रभावित करने वाले अनुसूचित अपराध करते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

15. उत्तर: B

व्याख्या:

विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA):

- हाल ही में गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (FCRA) के कुछ प्रावधानों में संशोधन किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - मंत्रालय ने नवंबर 2020 में FCRA नियमों को सख्त बना दिया था, जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि गैर-सरकारी संगठन (NGO) जो सीधे किसी राजनीतिक दल से जुड़े नहीं हैं, लेकिन बंद, हड़ताल या सड़क अवरोधों जैसी राजनीतिक कार्रवाई में संलग्न हैं, को राजनीतिक प्रकृति का माना जाएगा यदि वे सक्रिय राजनीति या दलीय राजनीति में भाग लेते हैं।
    - कानून के अनुसार, धन प्राप्त करने वाले सभी गैर-सरकारी संगठनों को FCRA के तहत पंजीकृत होना होगा।
- गृह मंत्रालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि सभी गैर-सरकारी संगठनों (NGO) को संशोधित विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम के तहत नई दिल्ली में भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में खाता खोलने के प्रावधान को अनिवार्य बनाया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- FCRA 1976 में आपातकाल के दौरान इस आशंका के माहौल में अधिनियमित किया गया था कि विदेशी शक्तियाँ स्वतंत्र संगठनों के माध्यम से धन भेजकर भारत के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रही हैं।
- इन चिंताओं को संसद में वर्ष 1969 में ही व्यक्त कर दिया गया था।
- कानून ने व्यक्तियों और संघों को विदेशी दान को विनियमित करने की मांग की ताकि वे "एक संप्रभु लोकतांत्रिक गणराज्य के मूल्यों के अनुरूप" कार्य कर सकें।

नोट :

16. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय नौसेना ने पूर्वी नौसेना कमान में एक नया भारतीय नौसेना एयर स्क्वाड्रन 324 अधिकृत किया है।
- इसे "KESTRELS" नाम दिया गया है, जिसका अर्थ है- शिकारी पक्षी। इनमें अच्छी संवेदी क्षमताएँ हैं, जो विमान और वायु स्क्वाड्रन की इच्छित भूमिका को प्रदर्शित करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह इकाई स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (ALH) एमके III (MR) हेलीकॉप्टरों का उपयोग करने वाली पूर्वी समुद्र-तट की पहली नौसेना स्क्वाड्रन है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ALH MK III हेलीकॉप्टर अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित हैं जिनमें आधुनिक निगरानी रडार और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सेंसर शामिल हैं। अत: कथन 3 सही है।

17.उत्तर: B

व्याख्या:

मेकांग नदी

- मेकांग नदी दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे लंबी नदी है, एशिया में 7वीं सबसे लंबी और विश्व में 12वीं सबसे लंबी नदी है। इसकी लंबाई लगभग 4,350 किमी है।
- दक्षिण-पूर्वी किंघई प्रांत, चीन (तिब्बती पठार का पूर्वी भाग) से निकलकर यह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के पूर्वी भाग से होकर बहती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह म्याँमार (बर्मा) और लाओस के साथ-साथ लाओस और थाईलैंड के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा का हिस्सा है। हो ची मिन्ह सिटी के दक्षिण में दक्षिण चीन सागर में बहने से पहले नदी लाओस, कंबोडिया और वियतनाम से होकर बहती है।
- लाओस की राजधानी वियनतियाने और कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह दोनों इसके किनारे स्थित हैं।
- मेकांग के जल निकासी क्षेत्र का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा चार देशों में स्थित है, यह नदी अपने निचले मार्ग- लाओस, थाईलैंड, कंबोडिया और वियतनाम से होकर बहती है। अत: कथन 2 सही है।

18. उत्तर: D

व्याख्या:

- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 पर्यावरण सुरक्षा की दीर्घकालिक आवश्यकताओं के अध्ययन, योजना तथा कार्यान्वयन हेतु ढाँचा स्थापित करता है और पर्यावरण को खतरे में डालने वाली स्थितियों के लिये त्वरित और पर्याप्त प्रतिक्रिया की प्रणाली निर्धारित करता है।'
- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 253 के तहत अधिनियमित किया गया था, जो अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को प्रभावी करने के लिये कानून बनाने का प्रावधान करता है। अत: कथन 1 सही है।
    - संविधान का अनुच्छेद 48A निर्दिष्ट करता है कि राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा देश के वनों एवं वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।
    - अनुच्छेद 51A में प्रावधान है कि प्रत्येक नागरिक पर्यावरण की रक्षा करेगा।
- केंद्र सरकार की शक्तियाँ:
    - किसी उद्योग के संचालन या प्रक्रिया को बंद करना, निषेध या विनियमन। अत: कथन 2 सही है।
    - विद्युत या जल या किसी अन्य सेवा की आपूर्ति में ठहराव या विनियमन।
- अधिनियम के किसी भी प्रावधान का गैर-अनुपालन या उल्लंघन एक अपराध माना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

19. उत्तर: D

व्याख्या:

- अल्लूरी सीताराम राजू भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल एक भारतीय क्रांतिकारी थे।
    - उनका जन्म वर्तमान आंध्र प्रदेश में वर्ष 1897 (कुछ स्रोतों में वर्ष 1898) में हुआ था।

- वह 18 वर्ष की आयु में एक संन्यासी बन गए और उन्होंने अपनी तपस्या, ज्योतिष तथा चिकित्सा के ज्ञान एवं जंगली जानवरों को वश में करने की अपनी क्षमता के कारण पहाड़ी व आदिवासी लोगों के बीच एक रहस्यमय आभा प्राप्त की।
- बहुत कम उम्र में राजू ने गंजम, विशाखापत्तनम और गोदावरी में पहाड़ी लोगों के असंतोष को अंग्रेज़ो के खिलाफ अत्यधिक प्रभावी गुरिल्ला प्रतिरोध में बदल दिया।
- वर्तमान आंध्र प्रदेश में जन्मे सीताराम राजू वर्ष 1882 के मद्रास वन अधिनियम के खिलाफ ब्रिटिश विरोधी गतिविधियों में शामिल हो गए। इस अधिनियम ने आदिवासियों (आदिवासी समुदायों) के उनके वन आवासों में मुक्त आवाजाही तथा उनके पारंपरिक रूप पोडु (स्थानांतरित खेती झूम कृषि) को प्रतिबंधित कर दिया।
- अंग्रेज़ो के प्रति बढ़ते असंतोष ने 1922 के रम्पा विद्रोह/मन्यम विद्रोह को जन्म दिया, जिसमें अल्लूरी सीताराम राजू ने नेतृत्वकर्त्ता के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। अत: कथन 1 सही है।
  - रम्पा विद्रोह महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन के साथ हुआ। उन्होंने लोगों को खादी पहनने और शराब छोड़ने के लिये सहमत किया।
  - लेकिन साथ ही उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत केवल बल के प्रयोग से ही आजाद हो सकता है, अहिंसा से नहीं। अत: कथन 2 सही है।
- स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उनके वीरतापूर्ण कारनामों के लिये उन्हें "मन्यम वीरुडु" (जंगल का नायक) उपनाम दिया गया था। अत: कथन 3 सही है।
- वर्ष 1924 में अल्लूरी सीताराम राजू को पुलिस हिरासत में ले लिया गया, एक पेड़ से बाँध कर सार्वजनिक रूप से गोली मार दी गई तथा सशस्त्र विद्रोह को प्रभावी ढंग से समाप्त कर दिया।

20. उत्तर: C

व्याख्या:

- स्टैंडअप इंडिया योजना अप्रैल 2016 में शुरू की गई थी ताकि आर्थिक सशक्तीकरण और रोज़गार सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए ज़मीनी स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा दिया जा सके। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति, जनजाति और महिला उद्यमियों जैसे क्षेत्रों तक पहुँच के लिये संस्थागत ऋण संरचना का लाभ उठाना है।
- अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और / या 18 वर्ष से अधिक आयु की महिला उद्यमी इस योजना के तहत पात्र हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इस योजना के तहत ऋण केवल ग्रीनफील्ड परियोजनाओं के लिये उपलब्ध है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

21. उत्तर: B

व्याख्या:

- चेनकुरिंजी (ग्लूटा ट्रैवनकोरिका) अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिज़र्व के लिये एक स्थानिक प्रजाति है।
  - एनाकार्डियासी (Anacardiaceae) परिवार का यह पेड़ कभी आर्यनकावु दर्रे (Aryankavu Pass) के दक्षिणी हिस्सों की पहाड़ियों में प्रचुर मात्रा में मौजूद था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसकी उपस्थिति तेज़ी से घट रही है।
  - इसका उपयोग निम्न रक्तचाप और गठिया के इलाज के लिये किया जाता है।
  - यह दक्षिण भारत की स्थानिक प्रजाति है।
- हाल ही में इसे जलवायु परिवर्तन से बचाने के लिये 'सेव चेनकुरिंजी' अभियान शुरू किया गया है।
  - इसका उद्देश्य कोल्लम और पथानामथिट्टा ज़िलों के घाट सेक्टरों में अभियान के तहत हज़ारों पौधे लगाना है। अत: विकल्प B सही है।

22. उत्तर: D

व्याख्या:

अफ्रीकी संघ:

- अफ्रीकी संघ (AU) महाद्वीपीय निकाय है, इसमें 55 सदस्य देश शामिल हैं जो अफ्रीकी महाद्वीप के देशों से बना है।

- अफ्रीकी संघ 9 जुलाई, 2022 को अपनी 20वीं वर्षगाँठ मना रहा है।
- अफ्रीकी एकता संगठन की स्थापना वर्ष 1963 में अफ्रीका के स्वतंत्र राज्यों द्वारा की गई थी। संगठन का उद्देश्य अफ्रीकी राज्यों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है।
- लागोस प्लान ऑफ एक्शन को अफ्रीकी एकता संगठन द्वारा वर्ष 1980 में अपनाया गया। इस योजना ने सुझाव दिया कि अफ्रीका को अंतर-अफ्रीकी व्यापार को बढ़ावा देकर पश्चिम पर निर्भरता को कम करना चाहिये।.
- वर्ष 2002 में अफ्रीकी एकता संगठन की जगह अफ्रीकी संघ ने ले ली, जिसका लक्ष्य "महाद्वीप के आर्थिक एकीकरण" में तेज़ी लाना था। अत: कथन 1 सही है।
- AU में 55 सदस्य देश शामिल हैं जो अफ्रीकी महाद्वीप के सभी देशों का प्रतिनिधित्व करते है। AU सदस्य राज्यों को पाँच भौगोलिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। जिन्हें वर्ष 1976 में OAU द्वारा परिभाषित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
  - मध्य अफ्रीका
  - पूर्वी अफ्रीका
  - उत्तरी अफ्रीका
  - दक्षिणी अफ्रीका
  - पश्चिमी अफ्रीका

23.उत्तर: C

व्याख्या:

- ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने वरोआ माइट (Varroa mites) नामक संभावित विनाशकारी परजीवी प्लेग को रोकने के प्रयास में पिछले दो हफ्तों में लाखों मधुमक्खियों को मार डाला है।
- इसका परजीवी कीट मधुमक्खियों को संक्रमित करता है और खाता है, जिसे अक्सर वेरोआ विनाशक के रूप में जाना जाता है। ये छोटे कीट जो लाल-भूरे रंग के होते हैं मधुमक्खियों की पूरी कॉलोनियों को खत्म करने में सक्षम हैं। अत: कथन 1 सही है।
- हालाँकि वरोआ माइट्स वयस्क मधुमक्खियों को खा सकते हैं और जीवित रह सकते हैं, वे मुख्य रूप से लार्वा और प्यूपा को खाते हैं और प्रजनन करते हैं, जिससे विकृति और कमज़ोर होने के साथ-साथ वायरस का संचरण भी होता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसे अक्सर वरोआ डिस्ट्रक्टर (Varroa Destructor) के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

24. उत्तर: B

व्याख्या:

- यह पूर्वी अफ्रीका की स्थानिक कीट प्रजाति है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- नैरोबी मक्खियाँ जिन्हें केन्याई मक्खियाँ या ड्रैगन बग के रूप में भी जाना जाता है, दो प्रजातियों के छोटे भृंग जैसे कीट हैं:
  - पेडरस एक्ज़िमियस
  - पेडरस सबियस
- हाल में ही इन्हें सिक्किम में देखा गया है, ये नारंगी तथा काले रंग के होते हैं और उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों में पनपते हैं। अत: कथन 3 सही है।
- अधिकांश कीटों की तरह ये भी तेज़ रोशनी की ओर आकर्षित होते हैं।
- ये कीट आमतौर पर काटते नहीं हैं लेकिन वे मानव त्वचा पर रहने के दौरान हानिकारक होते हैं क्योंकि वे शक्तिशाली अम्लीय पदार्थ छोड़ सकते हैं जो मानव त्वचा पर जलन पैदा कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।
  - उत्सर्जित पदार्थ को पेडरिन कहा जाता है और यह त्वचा पर जलन पैदा कर सकता है, जिससे घाव या असामान्य निशान या त्वचा रंगहीन हो जाती है।

25. उत्तर: C

व्याख्या:

- पश्चिमी घाट जिसे सह्याद्री हिल्स के नाम से भी जाना जाता है, वनस्पतियों और जीवों के अपने समृद्ध एवं अद्वितीय संयोजन के लिये जाना जाता है।
- इसे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है। अत: कथन 3 सही है।
- पश्चिमी घाट के पहाड़ ब्लॉक पर्वत हैं जो अरब सागर में भूमि के एक हिस्से के नीचे की ओर धँसने के कारण निर्मित हुए हैं। अत: कथन 2 सही है।
- केरल में अनामुडी की चोटी पश्चिमी घाट में सबसे ऊँची चोटी है, साथ ही हिमालय के बाहर भारत में सबसे ऊँची चोटी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

26. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में विश्व बैंक ने 'द ग्लोबल फाइंडेक्स रिपोर्ट 2021' जारी की है। ग्लोबल फाइंडेक्स ने कोविड-19 के दौरान 123 अर्थव्यवस्थाओं में 125,000 से अधिक वयस्कों का सर्वेक्षण किया ताकि इस बात को बेहतर ढंग से समझा जा सके कि लोग औपचारिक और अनौपचारिक वित्तीय सेवाओं एवं डिजिटल भुगतान का उपयोग कैसे करते हैं। अत: कथन 1 और 2 सही है।
- विश्व भर में खातों के स्वामित्व में 50% की वृद्धि हुई है इसके साथ ही 76 प्रतिशत वयस्क आबादी के पास खातों की उपलब्धता है।
  - दर्जनों विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में व्यापक रूप से खाता स्वामित्व में वृद्धि हुई है और अधिकांश नए खाते भारत एवं चीन में खोले गए हैं। अत: कथन 3 सही है।
- औपचारिक बैंकिंग की पहुँच:
  - औपचारिक बैंकिंग के बिना वैश्विक आबादी का बड़ा हिस्सा (क्रमश: 130 मिलियन और 230 मिलियन) भारत और चीन में रहता है।
  - महिलाओं को अक्सर औपचारिक बैंकिंग सेवाओं से बाहर रखा जाता है क्योंकि उनके पास पहचान के आधिकारिक दस्तावेज़ों की कमी होती है, उनके पास मोबाइल फोन या अन्य प्रकार की तकनीक नहीं होती है और उनकी वित्तीय क्षमता कम होती है।
    - विकासशील देशों में 74% खाते पुरुषों के थे, जबकि 68% खातों के साथ महिलाएँ छह अंक पीछे हैं।

27. उत्तर: A

व्याख्या:

चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR):

- चावल का प्रत्यक्ष बीजारोपण (DSR) जिसे 'बीज बिखेरना तकनीक (Broadcasting Seed Technique)' के रूप में भी जाना जाता है, धान की बुवाई की एक जल बचत विधि है। अत: कथन 1 सही है।
- इस विधि में बीजों की सीधे खेतों में बुवाई की जाती है। नर्सरी से जलभराव वाले खेतों में धान की रोपाई की पारंपरिक जल-गहन विधि के विपरीत यह विधि भूजल की बचत करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - इस पद्धति में कोई नर्सरी तैयारी या प्रत्यारोपण शामिल नहीं है।
  - किसानों को केवल अपनी ज़मीन को समतल करना होता है और बुवाई से पहले सिंचाई करनी होती है।

## DSR के लाभ:

- कम श्रमिकों की आवश्यकता:
  - DSR श्रम की कमी की समस्या को हल कर सकता है क्योंकि पारंपरिक पद्धति की तरह इसमें धान की नर्सरी की आवश्यकता नहीं होती है और 30 दिन पुरानी धान की नर्सरी का रोपण खेत में किया जा सकता है।
- भूजल के लिये मार्ग:
  - यह भूजल पुनर्भरण के लिये मार्ग प्रदान करता है क्योंकि यह मृदा की परत के नीचे कठोर परत के विकास को रोकता है, जैसा कि पोखर प्रत्यारोपण विधि में होता है।

नोट :

- यह पोखर प्रतिरोपित फसल की तुलना में 7-10 दिन पहले पक जाती है, इसलिये धान की पराली के प्रबंधन के लिये अधिक समय मिल जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

28. उत्तर: D

व्याख्या:

- विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक वे होते हैं जो अपनी घरेलू सीमा के बाहर के बाज़ारों में निवेश करते हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - FPI के उदाहरणों में स्टॉक, बॉण्ड, म्यूचुअल फंड, एक्सचेंज ट्रेडेड फंड, अमेरिकन डिपॉजिटरी रिसिप्ट्स (ADR), और ग्लोबल डिपॉजिटरी रिसिप्ट्स (GDR) शामिल हैं।
- FPI किसी देश के पूंजी खाते का हिस्सा होता है और इसे भुगतान संतुलन (BOP) पर दर्शाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- FPI को अक्सर "हॉट मनी" के रूप में संदर्भित किया जाता है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था में किसी भी प्रकार के संकट की स्थिति में सबसे पहले भागने वाले संकेतों की प्रवृत्ति को दर्शाता है। एफपीआई अधिक तरल और अस्थिर होता है, इसलिये यह FDI की तुलना में अधिक जोखिम भरा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

29. उत्तर: C

व्याख्या:

- यूरोपियन ऑर्गनाइज़ेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (CERN) ने गॉड पार्टिकल कहे जाने वाले हिग्स बोसॉन की खोज के 10 साल बाद जुलाई 2022 में एक बार फिर से लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर को चालू किया है जिसने 2012 में मायावी ईश्वर के कण, हिग्स बोसॉन को पाया था। अत: कथन 1 और कथन 2 सही हैं।
- CERN, फ्राँस-स्विस सीमा पर जिनेवा में स्थित है। इसके 22 सदस्य देश हैं। भारत वर्ष 2016 में यूरोपियन ऑर्गनाइज़ेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (CERN) का सहयोगी सदस्य बना।
- CERN के साथ भारत का जुड़ाव लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (LHC) के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के साथ दशकों पुराना है, हार्डवेयर एक्सेलेरेटर घटकों / प्रणालियों के डिज़ाइन, विकास व आपूर्ति एवं मशीन में इसकी कमीशनिंग और सॉफ्टवेयर विकास तथा तैनाती के क्षेत्रों में।
- भारत को वर्ष 2004 में CERN में 'पर्यवेक्षक' के रूप में शामिल किया गया था। सहयोगी सदस्य के रूप में इसका उन्नयन भारतीय कंपनियों को आकर्षक इंजीनियरिंग अनुबंधों के लिये बोली लगाने की अनुमति देता है और भारतीय संगठन में स्टाफ पदों के लिये आवेदन कर सकते हैं।

30. उत्तर: A

व्याख्या:

- संसदीय समितियों में दोनों सदनों (लोकसभा एवं राज्यसभा) के सदस्यों को मोटे तौर पर संबंधित सदनों में राजनीतिक दलों की संख्या के अनुपात में शामिल किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- तीन वित्तीय समितियाँ लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति और सार्वजनिक उपक्रम समिति हैं। अत: कथन 2 सही है।

31. उत्तर: B

व्याख्या:

- केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने हाल ही में झूठे या भ्रामक विज्ञापनों को रोकने के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं।
- CCPA उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के आधार पर 2020 में स्थापित नियामक संस्था है।
- CCPA उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है। अत: विकल्प B सही है।

32. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में भारत और ऑस्ट्रेलिया ने दुर्लभ खनिजों के लिये परियोजनाओं एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं के क्षेत्र में अपनी साझेदारी को मज़बूत करने का निर्णय लिया।

- दुर्लभ खनिज ऐसे तत्त्व हैं,जो आधुनिक युग में महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों की बुनियाद हैं और इनकी कमी की वजह से पूरी दुनिया में आपूर्ति शृंखला पर असर पड़ा है।
- इन खनिजों का उपयोग अब मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने से लेकर बैटरी, इलेक्ट्रिक वाहन (EV) तथा हरित प्रौद्योगिकी जैसे सौर पैनल एवं पवन टरबाइन बनाने तक हर जगह किया जाता है।
- एयरोस्पेस, संचार और रक्षा उद्योग भी कई ऐसे खनिजों पर निर्भर हैं, जिनका उपयोग लड़ाकू जेट, ड्रोन, रेडियो सेट तथा अन्य महत्त्वपूर्ण उपकरणों के निर्माण में किया जाता है। अत: विकल्प D सही है।

33. उत्तर: C

व्याख्या:

- भील भारत में सबसे व्यापक रूप से फैले आदिवासी समुदाय हैं।
- उन्हें आमतौर पर राजस्थान के धनुषधारी के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- 'भील' शब्द विल्लू या बिल्लू शब्द से बना है, जिसे द्रविड़ भाषा में बो के नाम से जाना जाता है।
- भील आर्य-पूर्व जाति के सदस्य हैं। अत: कथन 2 सही है।

34. उत्तर: D

व्याख्या:

- फील्ड्स मेडल प्रत्येक चार वर्ष में 40 वर्ष से कम आयु के एक या एक से अधिक गणितज्ञों को दिया जाता है।
- फील्ड्स मेडल इंटरनेशनल मैथमेटिकल यूनियन (IMU) की अंतर्राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में प्रदान किया जाता है। फील्ड मेडल उत्कृष्ट गणितीय उपलब्धि और भविष्य की उपलब्धि के वादे के लिये दिया जाता है। अत: कथन 1 और 2 दोनों सही हैं। अत:विकल्प D सही उत्तर होगा ।
- IMU एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी वैज्ञानिक संगठन है।
- IMU का उद्देश्य गणित के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।
- फील्ड्स मेडल कमेटी को अंतर्राष्ट्रीय गणितीय संघ की कार्यकारी समिति द्वारा चुना जाता है और आमतौर पर इसकी अध्यक्षता IMU अध्यक्ष करता है।

35 उत्तर: B

व्याख्या:

- डेरेचो व्यापक, लंबे समय तक रहने वाला सीधी रेखा वाला तूफान है, जो तेज़ बरसात और गरज के साथ आता है। तीव्र तूफान के परिणामस्वरूप आसमान हरा हो जाता है क्योंकि प्रकाश उनके द्वारा धारण किये जाने वाले जल की भारी मात्रा के साथ अंत:क्रिया करता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह नाम स्पैनिश शब्द 'ला डेरेचा' से आया है जिसका अर्थ है 'सीधा'।
- सीधी रेखा के तूफान वे होते हैं जिनमें गरज के साथ तूफान के विपरीत कोई घूर्णन नहीं होता है। ये तूफान सैकड़ों मील की यात्रा करते हैं और एक विशाल क्षेत्र को कवर करते हैं।
- यह एक गर्म मौसम की घटना है जो आमतौर पर जून और जुलाई में होती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बारिश की बड़ी बुँदे नीले रंग की तरंग दैर्ध्य को छोड़कर अन्य सभी तरंगों को बिखेर देती हैं, जिसके कारण मुख्य रूप से नीली रोशनी तूफानी बादल के नीचे प्रवेश करती है।
- यह नीला प्रकाश दोपहर या शाम के समय सूरज के लाल-पीले रंग के साथ मिलकर हरे रंग का हो जाता है।

36.उत्तर: C

व्याख्या:

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत ट्विटर (माइक्रोब्लॉगिंग साइट) से कुछ पोस्ट हटाने के आदेश जारी किये है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- ट्विटर ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख किया है, जिसमें दावा किया गया है कि अधिनियम की धारा 69ए के तहत कई अवरुद्ध आदेश प्रक्रियात्मक रूप से अपर्याप्त हैं।
- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69A: यह केंद्र और राज्य सरकारों को "किसी भी कंप्यूटर संसाधन में उत्पन्न, प्रेषित, प्राप्त या संग्रहीत किसी भी जानकारी को इंटरसेप्ट, मॉनिटर या डिक्रिप्ट करने के लिये" निर्देश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है।

  A. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66ए ने किसी भी व्यक्ति के लिये कंप्यूटर संसाधन या संचार उपकरण का उपयोग करके 'अत्यधिक आपत्तिजनक' या 'खतरनाक' ज्ञानकारी भेजना दंडनीय अपराध बना दिया है।
- श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ 2015:
  - सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत गारंटीकृत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के उल्लंघन के आधार पर ऑनलाइन अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66 ए को असंवैधानिक करार दिया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

37. उत्तर: C

व्याख्या:

- मेटावर्स कोई नया विचार नहीं है; 'साइंस फिक्शन' लेखक नील स्टीफेंसन ने वर्ष 1992 में इस शब्द को गढ़ा था और यह अवधारणा वीडियो गेम कंपनियों के बीच आम है। अत: कथन 1 सही है।
- मेटावर्स सामाजिक संपर्क पर केंद्रित इंटरनेट का अगला संस्करण है।
  - इसे एक 'सिम्युलेटेड' डिजिटल वातावरण (Simulated Digital Environment) के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो वास्तविक दुनिया की नकल करते हुए समृद्ध उपयोगकर्त्ता संपर्क वाले स्थान के सृजन के लिये सोशल मीडिया से प्राप्त सूचनाओं के साथ-साथ संवर्द्धित वास्तविकता (AR), आभासी वास्तविकता (VR) और ब्लॉकचेन तकनीकी का उपयोग करता है।
- इसे लगातार विकसित होते पहलुओं वाली एक 3D आभासी दुनिया के रूप में समझा जा सकता है, जिसे इसके उपयोगकर्त्ता द्वारा सामूहिक रूप से साझा किया जाता है; यह रियल-टाइम घटनाओं और ऑनलाइन अवसंरचना से युक्त एक आभासी दुनिया है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह वास्तविक दुनिया में होने वाली हर घटना को समाहित करता है और वास्तविक समय की घटनाओं और अद्यतित जानकारी को आगे ले जाता है। मेटावर्स में उपयोगकर्त्ता एक सीमा रहित आभासी दुनिया में मौजूद रहता है।

38.उत्तर: D

व्याख्या:

- गीगामेश (GigaMesh) को एस्ट्रोम (Astrome) द्वारा विकसित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक नेटवर्क समाधान है जो वायरलेस रूप से फाइबर जैसी बैकहॉल क्षमता प्रदान करेगा और 5जी के लिये मार्ग प्रशस्त करेगा।
- ग्रामीण 4जी बुनियादी ढाँचे में भीड़भाड़ की चुनौतियों को संबोधित करेगा और उच्च तकनीक एवं सस्ती इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। अत: कथन 2 सही है।
- स्टार्टअप को भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी पार्क (ARTPARK), टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब (TIH) द्वारा समर्थन प्रदान किया गया है।
- यह दुनिया का पहला मल्टी-बीम ई-बैंड रेडियो है जो इन टावरों में से प्रत्येक को मल्टी Gbps थ्रूपुट डिलीवर करते हुए एक टावर से कई टावरों तक एक साथ संचार करने में सक्षम है। अत: कथन 3 सही है।
- एकल गीगामेश डिवाइस 2+ Gbps क्षमता के साथ 40 लिंक प्रदान कर सकता है, जो दस किलोमीटर की सीमा तक संचार कर सकता है।
- गीगामेश ई-बैंड में कई पॉइंट-टू-पॉइंट संचार की सुविधा देता है, लागत कम करता है और सॉफ्टवेयर द्वारा संचालित होता है जिससे इसे दूरस्थ रूप से तैनात, रखरखाव और मरम्मत करना आसान हो जाता है।

नोट :

39. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्र सरकार ने मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण योजना को लेकर राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किये थे।
- दिशा-निर्देशों के अनुसार, केंद्र सरकार द्वारा दी गई धनराशि तक पहुँच प्राप्त करने के लिये राज्य योजना का मूल नाम नहीं बदल सकते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसे 60:40 के अनुपात में फंड-शेयरिंग पैटर्न के साथ राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रशासन के साथ साझेदारी में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में लागू किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
  - हालाँकि पूर्वोत्तर के आठ राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिये केंद्र और राज्य/केंद्रशासित प्रदेश का हिस्सा 90:10 में होगा।
- MVS, राज्यों और ज़िलों के साथ साझेदारी में बच्चों के लिये 24×7 हेल्पलाइन सेवा को क्रियान्वित करेगा, जैसा कि किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के तहत परिभाषित किया गया है।
- यह राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन एजेंसियों (SARA) का समर्थन करेगा जो देश में दत्तक ग्रहण को बढ़ावा देने और अंतर-देशीय दत्तक ग्रहण को विनियमित करने में केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) का समर्थन करेगा। अत: कथन 3 सही है।
- मिशन की योजना परित्यक्त और अवैध व्यापार किये गए बच्चों को प्राप्त करने के लिये प्रत्येक क्षेत्र में कम-से-कम एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में पालना शिशु स्वागत केंद्र स्थापित करने की है।
- देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के साथ-साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को लिंग (ट्रांसजेंडर बच्चों के लिये अलग घरों सहित) और उम्र के आधार पर अलग-अलग घरों में रखा जाएगा।

40. उत्तर: A

व्याख्या:

- किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) योजना को वर्ष 1998 में किसानों को उनकी खेती और बीज, उर्वरकों, कीटनाशकों आदि जैसे कृषि आदानों की खरीद और उनकी उत्पादन आवश्यकताओं के लिये नकदी निकालने जैसी अन्य आवश्यकताओं के लिये लचीली एवं सरलीकृत प्रक्रिया के साथ एक एकल खिड़की के तहत बैंकिंग प्रणाली से पर्याप्त तथा समय पर ऋण सहायता प्रदान करने हेतु शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसे वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB), लघु वित्त बैंकों और सहकारी बैंकों जैसी एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

41. उत्तर: C

व्याख्या:

- अमेरिका में शोधकर्त्ताओं ने कैंसर थेरेपी में सुधार हेतु ऑनकोलिटिक विरोथेरेपी (OV) के रूप में नई विधि विकसित की है जो आसपास के स्वस्थ ऊतकों को बरकरार रखते हुए ट्यूमर कोशिकाओं को नष्ट कर सकती है।
- ऑनकोलिटिक वायरस पास की स्वस्थ कोशिकाओं और ऊतकों को बरकरार रखते हुए कैंसर कोशिकाओं को मार सकते हैं।
- ऑनकोलिटिक विरोथेरेपी में उपचार प्राकृतिक घातक (NK) कोशिकाओं जैसे प्रतिरक्षा कोशिकाओं से बने एंटीट्यूमर प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय करके भी अपना प्रभाव डालता है।
  - हालाँकि कभी-कभी वे प्राकृतिक घातक ऑनकोलिटिक वायरस को सीमित कर देते हैं, इसलिये हाल के वर्षों में OV क्षेत्र में उचित विकास के बावजूद कुछ चुनौतियों से निपटने के लिये सुधार की आवश्यकता है, जिसमें अपेक्षाकृत कमज़ोर चिकित्सीय गतिविधि और प्रभावी प्रणालीगत वितरण के साधनों की कमी शामिल है। अत: विकल्प C सही है।

42. उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA) उद्देश्य गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिये लोगों को वहनीय मूल्यों पर अच्छी गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराते हुए उन्हें खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करना है।

- कवरेज: लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (TPDS) के तहत ग्रामीण आबादी की 75 प्रतिशत और शहरी आबादी की 50 प्रतिशत आबादी को रियायती दर पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को गर्भावस्था के दौरान तथा बच्चे के जन्म से 6 माह बाद तक भोजन के अलावा कम-से-कम 6000 रुपए का मातृत्व लाभ प्रदान किये जाने का प्रावधान है। अत: कथन 2 सही है।

43. उत्तर: D

व्याख्या:

### नागरिक उड्डयन महानिदेशालय:

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) नागरिक उड्डयन के क्षेत्र में नियामक निकाय है, जो मुख्य रूप से सुरक्षा मुद्दों से निपटता है। यह भारत में/से/के भीतर हवाई परिवहन सेवाओं के नियमन और नागरिक हवाई नियमों, हवाई सुरक्षा तथा उड़ान योग्यता मानकों को लागू करने के लिये जिम्मेदार है।
- DGCA अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के साथ सभी नियामक कार्यों का समन्वय भी करता है। अत: कथन 1 सही है।

### भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण:

- भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण (AERA) की स्थापना वर्ष 2009 में "भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008" के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में की गई थी।
- AERA की स्थापना वैमानिकी सेवाओं के लिये शुल्कों को विनियमित करने, प्रमुख हवाई अड्डों पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं हेतु अन्य हवाईअड्डा शुल्क निर्धारित करने और हवाई अड्डों के प्रदर्शन मानकों की निगरानी के लिये की गई थी। अत: कथन 2 सही है।

44. उत्तर: C

व्याख्या:

- इसे "रसायन मुक्त कृषि (Chemical-Free Farming) और पशुधन आधारित (livestock based)" के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। उत्तर-पूर्व भारत में परंपरागत रूप से जैविक कृषि की जाती रही है और रसायनों की खपत देश के बाकी हिस्सों की तुलना में बहुत कम है।
    - सिक्किम दुनिया का पहला राज्य है जो पूरी तरह से जैविक राज्य बन गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- प्राकृतिक खेती सतत् विकास लक्ष्य-2 के साथ तालमेल बिठाती है, जिसका लक्ष्य 'भूख को खत्म करना, खाद्य सुरक्षा हासिल करना और पोषण में सुधार करना तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना' है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सहभागी गारंटी प्रणाली (PGS) प्राकृतिक खेती द्वारा उत्पादित जैविक उत्पादों को प्रमाणित करने की प्रक्रिया है। जो यह सुनिश्चित करती है कि उनका उत्पादन निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार हो। प्रमाणीकरण प्रलेखित लोगो या बयान के रूप में है। अत: कथन 3 सही है।

45. उत्तर- D

व्याख्या:

- जातक कथाएँ साहित्य की रचनाएँ हैं जो बुद्ध (प्रबुद्ध व्यक्ति) के पिछले अस्तित्व या जन्म का वर्णन करते हैं, जब वे मानव और गैर-मानव दोनों रूपों में बोधिसत्व (ऐसे प्राणी जो अभी तक ज्ञान या मोक्ष प्राप्त नहीं कर पाए हैं) के रूप में प्रकट हुए थे।
- साँची स्तूप अपने प्रवेश द्वारों के लिये उल्लेखनीय हैं क्योंकि इनमें बुद्ध के जीवन और बोधिसत्व के रूप में उनके पिछले अवतारों की घटनाओं का अलंकृत चित्रण है।
    - साँची स्तूप मध्य प्रदेश के साँची में स्थित है। यह मूल रूप से तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में मौर्य सम्राट अशोक द्वारा बनाया गया था और माना जाता है कि इसमें बुद्ध की राख रखी गई थी।
    - महान वानर जातक और छह दाँतों वाला हाथी जातक साँची में जातक कथाओं की मूर्तिकला के कुछ बेहतरीन उदाहरण हैं। अत: विकल्प D सही है।

नोट :

46. उत्तर: D

व्याख्या:

G-20:

- यह 19 देशों और यूरोपीय संघ (EU) का एक अनौपचारिक समूह है, जिसकी स्थापना वर्ष 1999 में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ हुई थी। अत: कथन 1 सही है।
- G-20 के सदस्य देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- जी-20 का कोई स्थायी मुख्यालय नहीं है और सचिवालय प्रत्येक वर्ष समूह की मेज़बानी करने वाले या अध्यक्षता करने वाले देशों के बीच रोटेट होता है।
- भारत 1 दिसंबर, 2022 से 30 नवंबर, 2023 तक अपने अध्यक्ष के रूप में अंतर्राष्ट्रीय निकाय का संचालन करेगा, जिससे यहाँ आयोजित होने वाले G-20 शिखर सम्मेलन का नेतृत्व किया जाएगा।
- जम्मू-कश्मीर G-20 की 2023 बैठकों की मेज़बानी करेगा। अत: कथन 3 सही है।
- केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को G-20 के लिये भारत का शेरपा नियुक्त किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत 1 दिसंबर, 2022 से G-20 की अध्यक्षता करेगा और वर्ष 2023 में पहली बार G-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा।

47. उत्तर: C

व्याख्या:

- दुनिया में केवल दो अलग-अलग पांडा प्रजातियाँ हैं, विशाल (Giant) पांडा और रेड पांडा।
- रेड पांडा सिक्किम का राज्य पशु भी है। अत: कथन 1 सही है।
- रेड पांडा शर्मीले, एकांत और वृक्ष पर रहने वाले जानवर हैं तथा पारिस्थितिक परिवर्तन के लिये एक संकेतक प्रजाति मानी जाती है।
- भारत दोनों (उप) प्रजातियों का घर है:
  - हिमालयन रेड पांडा (ऐलुरस फुलगेन्स)।
  - चीनी रेड पांडा (ऐलुरस स्टयानी)
- अरुणाचल प्रदेश में सियांग नदी दो फाइटोलैनेटिक प्रजातियों को विभाजित करती है।
- यह भारत, नेपाल, भूटान और म्याँमार के उत्तरी पहाड़ों तथा दक्षिणी चीन के जंगलों में पाया जाता है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - IUCN रेड लिस्ट: लुप्तप्राय, अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - CITES: परिशिष्ट 1, अत: कथन 3 सही है।
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972: अनुसूची 1,

48. उत्तर: C

व्याख्या:

- यह संयुक्त राष्ट्र की विश्व जनसंख्या संभावना (WPP) द्वारा 1951 से द्विवार्षिक चक्र में प्रकाशित किया जाता है न कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत के वर्ष 2023 में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन से आगे निकलने का अनुमान है।अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1972 में भारत की विकास दर 2.3% थी, जो अब घटकर 1% से भी कम हो गई है।
- इस अवधि में प्रत्येक भारतीय महिला के अपने जीवनकाल में बच्चों की संख्या लगभग 5.4 से घटकर अब 2.1 से भी कम हो गई है।
- इसका मतलब यह है कि भारत ने प्रतिस्थापन प्रजनन दर प्राप्त कर ली है, जिस पर एक आबादी अपने आपको एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में बदल देती है। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

49. उत्तर: D

व्याख्या:

- ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के लिये संभावित पदक संभावनाओं की पहचान करने, उनको तैयार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेल विकास कोष (NSDF) के समग्र दायरे के अंतर्गत वर्ष 2014 में लक्ष्य ओलंपिक पोडियम (TOP) योजना तैयार की गई थी।
- ओलंपिक में खेले जाने वाले उन खेल विषयों पर ध्यान केंद्रित करने के लिये उच्च प्राथमिकता श्रेणी बनाई गई है जिसमें भारत ने पिछले एशियाई खेलों के साथ-साथ राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते हैं या जिसमें भारत के पदक जीतने की संभावनाएँ हैं।
- वर्तमान में, नौ खेल विधाओं को उच्च प्राथमिकता श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है:
  - एथलेटिक्स,
  - बैडमिंटन
  - हॉकी
  - शूटिंग
  - टेनिस
  - भारोत्तोलन
  - कुश्ती
  - तीरंदाजी
  - मुक्केबाज़ी अत: विकल्प D सही है।

50. उत्तर: C

व्याख्या:

- वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 पौधों और जानवरों की प्रजातियों के संरक्षण के लिये अधिनियमित किया गया था।
- यह जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर पूरे भारत में विस्तार है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- WPA अधिनियम के तहत राष्ट्रीय और राज्य वन्यजीव बोर्ड, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण जैसे निकायों के गठन का प्रावधान करता है। अत: कथन 2 सही है।
- राज्य सरकारें प्रत्येक ज़िले में वन्यजीव वार्डन नियुक्त करने की भी हकदार हैं। अत: कथन 3 सही है।

51. उत्तर: D

व्याख्या:

- डार्क मैटर आकर्षक बल के रूप में कार्य करता है, यह एक प्रकार का ब्रह्मांडीय मोर्टार है जो हमारी दुनिया को एक साथ रखता है।
  - ऐसा इसलिये है क्योंकि डार्क मैटर गुरुत्वाकर्षण के साथ अंत:क्रिया करता है फिर भी प्रकाश को प्रतिबिंबित, अवशोषित या उत्सर्जित नहीं करता है। वहीं डार्क एनर्जी एक प्रतिकारक बल है, एक प्रकार का एंटी-ग्रेविटी जो ब्रह्मांड के विस्तार को धीमा कर देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- डार्क एनर्जी सैद्धांतिक प्रकार की ऊर्जा है जो गुरुत्वाकर्षण की विपरीत दिशा में कार्य करते हुए नकारात्मक, प्रतिकारक बल लगाती है।
  - इसे दूर से देखी गई सुपरनोवा की विशेषताओं की व्याख्या करने के लिये प्रस्तावित किया गया है, जो ब्रह्मांड के त्वरित दर से विस्तार करने का खुलासा करती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

52. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने 'यूथ इन इंडिया 2022' रिपोर्ट जारी की है। अत: कथन 1 सही है।
- जिससे पता चलता है कि युवाओं की जनसंख्या में गिरावट आ रही है, जबकि 2021-2036 के दौरान बुजुर्गों की हिस्सेदारी बढ़ने की उम्मीद है। अत: कथन 3 सही है।

- युवा आबादी में गिरावट: वर्ष 2011-2036 की अवधि की शुरुआत में युवा आबादी में वृद्धि हुई है, लेकिन उतरार्द्ध में गिरावट शुरू हो गई है।
- युवाओं और बुजुर्गों की आबादी का अनुपात: कुल आबादी में युवाओं का अनुपात वर्ष 1991 के 26.6% से बढ़कर वर्ष 2016 में 27.9% हो गया था और फिर नीचे की ओर रुझान शुरू होकर वर्ष 2036 तक 22.7% तक पहुँचने का अनुमान है।
  - इसके विपरीत कुल आबादी में बुजुर्ग आबादी का अनुपात वर्ष 1991 में 6.8% से बढ़कर वर्ष 2016 में 9.2% हो गया है और वर्ष 2036 में इसके 14.9% तक पहुँचने का अनुमान है।
- राज्यों में परिदृश्य: केरल, तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में वर्ष 2036 तक युवाओं की तुलना में अधिक बुजुर्ग आबादी का अनुमान है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- बिहार एवं उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2021 तक कुल जनसंख्या में युवा आबादी के अनुपात में वृद्धि का अनुभव किया है और फिर इसमें गिरावट की संभावना है।
  - महाराष्ट्र,मध्य प्रदेश और राजस्थान के साथ इन दोनों राज्यों में देश के आधे से अधिक (52%) युवाओं के होने का अनुमान है।

53. उत्तर: A

व्याख्या:

- पाक जलडमरूमध्य और मन्नार की खाड़ी द्वारा गठित समुद्र के एक संकीर्ण चैनल द्वारा श्रीलंका को भारत से अलग किया गया है।
- जलडमरूमध्य एक समुद्री भू-आकृति है जो दो समुद्रों या महासागर के दो अन्य बड़े क्षेत्रों को जोड़ता है।
- एक खाड़ी पानी का एक रिक्त तटीय निकाय है जो सीधे पानी के एक बड़े मुख्य निकाय जैसे कि महासागर, झील या किसी अन्य खाड़ी से जुड़ता है।
  - एक बड़ी खाड़ी को आमतौर पर खाड़ी, समुद्र, ध्वनि या बाइट कहा जाता है।
- मलक्का जलडमरूमध्य मलय प्रायद्वीप और सुमात्रा के इंडोनेशियाई द्वीप के बीच पानी का एक संकीर्ण खंड है।
- केर्च जलडमरूमध्य पूर्वी यूरोप में एक जलडमरूमध्य है। यह काला सागर और आज़ोव के सागर को जोड़ता है, पश्चिम में क्रीमिया के केर्च प्रायद्वीप को पूर्व में रूस के क्रास्नोडार क्राय के तमन प्रायद्वीप से अलग करता है। अत: विकल्प A सही है।



54. उत्तर: A

व्याख्या:

- NCPOR की स्थापना 25 मई, 1998 को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (पूर्व में महासागर विकास विभाग) के एक स्वायत्त अनुसंधान और विकास संस्थान के रूप में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- अंटार्कटिक में दो भारतीय स्टेशनों (मैत्री और भारती) का साल भर रखरखाव इस केंद्र की प्राथमिक ज़िम्मेदारी है।
  - ध्रुवीय अनुसंधान के सभी विषयों में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा अनुसंधान करने के लिये मैत्री (1989) और भारती (2011) की स्थापना की गई थी।
  - अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसे अंटार्कटिका में भारत के स्थायी स्टेशन के रखरखाव सहित भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम के समन्वय और कार्यान्वयन के लिये नोडल संगठन के रूप में नामित किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

55. उत्तर: C

व्याख्या:

औद्योगिक संबंध संहिता विधेयक, 2020:

- स्थायी आदेश का नया प्रावधान हर उस औद्योगिक प्रतिष्ठान पर लागू होगा जिसमें पिछले बारह महीनों के किसी भी दिन 300 या 300 से अधिक कर्मचारी कार्यरत रहे या कार्यरत थे। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- कानून बनने के बाद आदेश राज्य सरकारों के अधिकारियों की मर्जी और पसंद पर निर्भर नहीं होंगे।
- हड़ताल:
- यह वैध हड़ताल करने के लिये नई शर्तें भी पेश करता है। वैध हड़ताल पर जाने से पहले श्रमिकों के लिये शर्तों में मध्यस्थता की कार्यवाही अवधि को शामिल किया गया है, जबकि वर्तमान में केवल समझौते का समय शामिल है। अत: कथन 2 सही है।
- इसने छंटनी किये गए कामगारों के प्रशिक्षण के लिये नियोक्ता के योगदान के साथ पुन: कौशल निधि स्थापित करने का भी प्रस्ताव किया है, जो श्रमिक द्वारा प्राप्त अंतिम वेतन के 15 दिनों की राशि के बराबर होगी। अत: कथन 3 सही है।

56. उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने वर्ष 2022 के लिये अपने वैश्विक लैंगिक अंतराल (Global Gender Gap-GGG) सूचकांक में भारत को 146 देशों में से 135वें स्थान पर रखा है। अत: कथन 1 और 3 सही हैं।
  - भारत का समग्र स्कोर 0.625 (वर्ष 2021 में) से बढ़कर 0.629 हो गया है, जो पिछले 16 वर्षों में सातवाँ उच्चतम स्कोर है।
  - वर्ष 2021 में भारत 156 देशों में 140वें स्थान पर था।
    - लैंगिक अंतराल महिलाओं और पुरुषों के बीच का अंतर है जो सामाजिक, राजनीतिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक या आर्थिक उपलब्धियों या दृष्टिकोण में परिलक्षित होता है।
- यह उप-मैट्रिक्स के साथ चार प्रमुख आयामों में लैंगिक समानता की दिशा में उनकी प्रगति पर देशों का मूल्यांकन करता है।
  - आर्थिक भागीदारी और अवसर
  - शिक्षा का अवसर।
  - स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता।
  - राजनीतिक सशक्तीकरण। अत: कथन 2 सही है।
- चार उप-सूचकांकों में से प्रत्येक पर और साथ ही समग्र सूचकांक पर GGG सूचकांक 0 और 1 के बीच स्कोर प्रदान करता है, जहाँ 1 पूर्ण लैंगिक समानता दिखाता है और 0 पूर्ण असमानता की स्थिति को दर्शाता है।
- यह सबसे लंबे समय तक चलने वाला सूचकांक है, जो वर्ष 2006 में स्थापना के बाद से समय के साथ लैंगिक अंतरालों को समाप्त करने की दिशा में प्रगति को ट्रैक करता है।

नोट :

57. उत्तर: B

व्याख्या:

- हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (IPEF) स्थापित करने के लिये अमेरिका के नेतृत्व वाली पहल है जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में लचीलापन, स्थिरता, समावेशिता, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिये भाग लेने वाले देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- IPEF को एक दर्जन शुरुआती साझेदारों के साथ लॉन्च किया गया था जो विश्व GDP के 40% का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- भारत भी अमेरिका के नेतृत्व वाली इस पहल का हिस्सा है। अत: कथन 2 सही है।

58. उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल, 1935 को हुई थी।
  - वर्ष 1949 में राष्ट्रीयकरण के बाद से रिज़र्व बैंक पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व में है। अत: कथन 1 सही है।
- मौद्रिक नीति समिति: यह विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखने के लिये भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत संस्थागत एक सांविधिक बहु-सदस्यीय निकाय है।
  - RBI के गवर्नर समिति के पदेन अध्यक्ष होते हैं।
  - MPC मुद्रास्फीति लक्ष्य (4%) को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीतिगत ब्याज़ दर (रेपो दर) निर्धारित करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 22 के तहत एक रुपये के नोट को छोड़कर विभिन्न मूल्यवर्ग के करेंसी नोट जारी करने का एकमात्र अधिकार भारतीय रिज़र्व बैंक के पास है। एक रुपये के नोट और सिक्के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किये जाते हैं और इस पर वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

59. उत्तर: D

व्याख्या:

- सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) द्वारा विकसित एक वैक्सीन Cervavac ने हाल ही में ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DGCI) से बाज़ार प्राधिकार प्राप्त किया है।
  - यह भारत का पहला क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन (qHPV) है जिसे महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- सर्वाइकल कैंसर एक प्रचलित यौन संचारित संक्रमण है। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक प्रकार का कैंसर है जो गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं में होता है, यह गर्भाशय के निचले हिस्से में होता है जो योनि से जुड़ता है।
- यह ज़्यादातर HPV के विशेष रूपों के साथ दीर्घकालिक संक्रमण के कारण होता है। अत: कथन 3 सही है।
- यह दूसरा सबसे प्रचलित कैंसर रूप है और प्रजनन आयु (15-44) की महिलाओं में कैंसर से होने वाली मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है। अत: कथन 2 सही है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन की इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर के अनुसार, भारत 1.23 लाख मामलों के साथ विश्व में पाँचवें स्थान पर है और प्रत्येक वर्ष लगभग 67,000 मौतें होती हैं।

60. उत्तर: D

व्याख्या:

- मध्यस्थता विवाद समाधान का एक आजमाया हुआ और परखा हुआ वैकल्पिक तरीका है। यह दिल्ली, रांची, जमशेदपुर, नागपुर, चंडीगढ़ एवं औरंगाबाद शहरों में सफल साबित हुआ है।
- मध्यस्थता एक स्वैच्छिक, बाध्यकारी प्रक्रिया है जिसमें एक निष्पक्ष और तटस्थ मध्यस्थ विवादित पक्षों के बीच समझौता कराने में मदद करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- मध्यस्थता प्रक्रिया को 180 दिनों के भीतर पूरा किया जाना चाहिये, जिसे दोनों पक्ष 180 दिनों के लिये और बढ़ा सकते हैं।
- मध्यस्थता विधेयक, 2021 का उद्देश्य अदालत या न्यायाधिकरण को शामिल करने से पहले मध्यस्थता के माध्यम से किसी भी नागरिक या वाणिज्यिक विवाद को हल करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- पूरी प्रक्रिया को विनियमित करने के लिये भारत मध्यस्थता परिषद् की स्थापना की जाएगी।

61. उत्तर: A

व्याख्या:

ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC):

- ONDC स्वतंत्र रूप से सुलभ सरकार-समर्थित प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य ई-कॉमर्स को प्लेटफॉर्म-केंद्रित मॉडल से वस्तुओं और सेवाओं की खरीद तथा बिक्री हेतु एक ओपन नेटवर्क में स्थानांतरित करके सार्वभौमिक बनाना है। अत: कथन 1 सही है।
    - यह एक गैर-लाभकारी संगठन है जो उद्योगों में स्थानीय डिजिटल कॉमर्स स्टोर को किसी भी नेटवर्क-सक्षम एप्लीकेशन द्वारा खोजने और संलग्न करने में सक्षम बनाने के लिये एक नेटवर्क की पेशकश करेगा।
    - ONDC के तहत यह परिकल्पना की गई है कि एक प्रतिभाग करने वाली ई-कॉमर्स साइट (उदाहरण के लिये अमेज़ॅन) पर पंजीकृत खरीदार किसी अन्य प्रतिभागी ई-कॉमर्स साइट (उदाहरण के लिये फ्लिपकार्ट) पर विक्रेता से सामान खरीद सकता है।
  - प्रदाता और उपभोक्ता ONDC पर सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं लेन-देन करने के लिये अपनी पसंद के किसी भी संगत एप्लीकेशन का उपयोग करने में सक्षम होंगे। अत: कथन 2 सही है।
- यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक पहल है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

62. उत्तर: C

व्याख्या:

- I2U2 भारत, इज़रायल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा गठित एक समूह है। इसे 'पश्चिम एशियाई क्वाड' भी कहा जाता है।
- I2U2 का गठन अक्तूबर 2021 में अब्राहम समझौते के बाद समुद्री सुरक्षा, आधारभूत संरचना और परिवहन से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने के लिये किया गया था।
- ‘अब्राहम एकॉर्ड (Abraham Accord) इज़रायल और अरब देशों के बीच पिछले 26 वर्षों में पहला शांति समझौता है।
- उद्देश्य:
  - इसका घोषित उद्देश्य "पारस्परिक हित के सामान्य क्षेत्रों और उसके बाहर व्यापार एवं निवेश में आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करने" पर चर्चा करना है।
  - देशों द्वारा परस्पर सहयोग के छह क्षेत्रों की पहचान की गई है तथा इसका उद्देश्य जल, ऊर्जा, परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा में संयुक्त निवेश को प्रोत्साहित करना है। अत: विकल्प C सही है।

63. उत्तर: D

व्याख्या:

- मिशन शक्ति एक एकीकृत महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम है जिसे कार्यान्वयन हेतु महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिये एक अंब्रेला योजना के रूप में शुरू किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- 'मिशन शक्ति' को 15वें वित्त आयोग की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान लॉन्च किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- मिशन शक्ति के घटक:
  - संबल:
    - यह महिलाओं के समर्थन और सुरक्षा के लिये है।
- इसमें वन स्टॉप सेंटर (OSC), महिला हेल्पलाइन (WHL), बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (BBBP) की योजनाएँ शामिल हैं, जिसमें नारी अदालतों (Nari Adalats) की महिलाओं के समूह के एक नए घटक के साथ वैकल्पिक विवाद समाधान और समाज तथा परिवारों के भीतर लैंगिक न्याय को बढ़ावा देना तथा सुविधा प्रदान करना शामिल है।.अत: कथन 3 सही है।

- सामर्थ्य:
  - यह योजना महिला सशक्तीकरण के लिये है।
  - इसमें उज्ज्वला, स्वाधार गृह और वर्किंग वुमन हॉस्टल की पूर्ववर्ती योजनाएँ शामिल हैं जिन्हें संशोधनों के साथ शामिल किया गया है।
- इसके अलावा कामकाजी माताओं के बच्चों के लिये राष्ट्रीय क्रेच योजना और एकीकृत बाल विकास सेवा (ICDS) अम्ब्रेला योजना के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) की मौजूदा योजनाओं को अब सामर्थ्य योजना में शामिल किया गया है।
- सामर्थ्य योजना में आर्थिक सशक्तीकरण के लिये गैप फंडिंग (Gap Funding for Economic Empowerment) का एक नया घटक भी जोड़ा गया है।

64 उत्तर: A

व्याख्या:

### केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA):

- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) को एक वैधानिक निकाय (संवैधानिक निकाय नहीं) के रूप में स्थापित किया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह उपभोक्ता अधिकारों के दुरुपयोग, अनुचित व्यापार प्रथाओं और झूठे या भ्रामक विपणन, जो कि जनता के हित में हानिकारक हैं, को नियंत्रित करने का अधिकार रखता है।
- उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 उपभोक्ता विवादों के निवारण के लिये त्रि-स्तरीय अर्द्ध-न्यायिक तंत्र की घोषणा करता है, जैसे ज़िला आयोग, राज्य आयोग और राष्ट्रीय आयोग।
- अधिनियम के अन्य प्रावधानों के अधीन नया आर्थिक क्षेत्राधिकार निम्नानुसार होगा:
  - ज़िला आयोगों के पास उन शिकायतों पर विचार करने का अधिकार होगा जहाँ प्रतिफल के रूप में भुगतान की गई वस्तुओं या सेवाओं का मूल्य 50 लाख रुपए से अधिक नहीं है।
  - राज्य आयोगों के पास उन शिकायतों पर विचार करने का अधिकार होगा जहाँ प्रतिफल के रूप में भुगतान की गई वस्तुओं या सेवाओं का मूल्य 50 लाख रुपए से अधिक है, लेकिन 2 करोड़ रुपए से अधिक नहीं है।
  - राष्ट्रीय आयोग के पास उन शिकायतों पर विचार करने का अधिकार होगा जहाँ प्रतिफल के रूप में भुगतान की गई वस्तुओं या सेवाओं का मूल्य 2 करोड़ रुपए से अधिक है। अत: कथन 2 सही है।
- उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराने में सुविधा के लिये केंद्र सरकार ने ई-दाखिल पोर्टल की स्थापना की है।
- उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम, 2020 के प्रावधानों को अधिसूचित और प्रभावी किया है। अत: कथन 3 सही है।
- ऑनलाइन खरीदारी करते समय उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिये CCPA ने सभी मार्केटप्लेस ई-कॉमर्स संस्थाओं को दिशा-निर्देश भी जारी किये हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उपभोक्ता संरक्षण (ई-कॉमर्स) नियम 6 के उप-नियम (5) के तहत अनिवार्य रूप से विक्रेताओं का विवरण, 2020 शिकायत अधिकारी के नाम और संपर्क नंबर सहित स्पष्ट और सुलभ तरीके से प्रदान किया जाए।

65. उत्तर: A

व्याख्या:

- स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स (SCGJ) के निर्माण को 2015 में आयोजित राष्ट्रीय कौशल योग्यता समिति की 10वीं बैठक में मंज़ूरी दी गई थी।
- स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन से जुड़ी भारत सरकार की हाल ही में शुरू की गई पहलों में से एक है। अत: कथन 1 सही है।
- SCGJ की स्थापना सोसायटी पंजीकरण अधिनियम XXI, 1860 के तहत एक गैर-लाभकारी, स्वतंत्र, उद्योग के नेतृत्व वाले संगठन के रूप में की गई थी।
- इसे नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा बढ़ावा दिया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :